2025

HINDI — HONOURS

Paper : DSCC-1

(Adikalin evam Madhyakalin Hindi Kavita)

Full Marks : 75

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

(आदिकालीन एवं मध्यकालीन हिंदी कविता)

1. निम्नलिखित किन्हीं ***तीन*** पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) अनुखन माधब-माधब सुमरइते, सुंदरि भेलि मधाई।
ओ निज भाव सुभाबहिं बिसरल, अपनेहि गुन लुबुधाई।।
माधब, अपरूब तोहर सिनेह।
अपनेहि बिरहें अपन तनु जरजर, जिबते भेल संदेह।।

(ख) संतौं भाई आई ग्यांन की आँधी रे।
भ्रम की टाटी सभै उड़ानी, माया रहै न बांधी रे।।
दुचिते की दोइ थूँनि गिरानी मोह बलेंडा टूटा।
त्रिसना छांनि परी धर ऊपरि दुरमति भांडा फूटा।।

(ग) अबिगत गति कछु कहत न आवै।
ज्यौं गूँगै मीठे फल को रस अंतरगतही भावै।
परम स्वाद सब ही सु निरंतर अमित तोष उपजावै।
मन बानी कौ अगम अगोचर सो जाने जो पावै।

(घ) अति सूधो सनेह को मारग है जहाँ नेकु सयानप बांक नहीं।
तहाँ साँचे चलैं जित आपनपौ झझकैं कपटी जो निसांक नहीं।
घनआनंद प्यारे सुजान सुनौ यहाँ एक ते दूसरों आँक नहीं।
तुम कौन धौ पाटी पढ़े हौ कहौ मन लेहु पै देहु छटाँक नहीं।

(ङ) या अनुरागी चित्त की गति समुझै नहिं कोय।
ज्यौं ज्यौं बूड़े स्याम रंग त्यौं त्यौं उज्जलु होय।।
जपमाला, छापा, तिलक सरै न एकौ काम।
मन काँचे नाँचै बृथा साँचै राँचै राम।।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×3

(क) कबीर के काव्य में सामाजिक और धार्मिक कुरीतियों का विरोध किस प्रकार प्रकट हुआ है? आलोचनात्मक विवेचन कीजिए।

(ख) सूरदास को वात्सल्य रस का सर्वश्रेष्ठ कवि क्यों कहा जाता है? स्पष्ट कीजिए।

(ग) बिहारी की काव्यगत विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(घ) "मीरा का काव्य भक्ति की तन्मयता में सामाजिक वर्जनाओं को भी चुनौती देता है।"– स्पष्ट कीजिए।

(ङ) "घनानंद रीतिमुक्त धारा के प्रतिनिधि कवि हैं–" कथन का सम्यक विश्लेषण कीजिए।

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×9

(क) विद्यापति की किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(ख) 'पानी बिच मीन पियासी'– किस कवि की पंक्ति है?

(ग) 'ऊधौ मन न भये दस बीस'– पंक्ति के रचयिता कौन हैं?

(घ) 'शिवा बावनी' के रचयिता कौन हैं?

(ङ) 'रामचरितमानस' किस भाषा में रचित है?

(च) जायसी की प्रसिद्ध रचना कौन-सी है?

(छ) 'प्रेमवाटिका' किसकी रचना है?

(ज) हिरामन तोता किस काव्य-ग्रंथ का पात्र है?

(झ) रहीम का पूरा नाम क्या था?